# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


पत्रांक–परीक्षा/ 259 /2025–26 दिनांकः– 02 ~~जनवरी~~ फरवरी, 2024

## विज्ञप्ति/अभ्यर्थन निरस्तीकरण

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जारी विज्ञापन संख्याः 49/उ0अ0से0च0आ0/2023, दिनांक 13 अक्टूबर, 2023 में विभिन्न विभागों के अन्तर्गत स्नातक स्तरीय अर्हता के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया, जिसकी लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक–31.12.2023 को आयोजित की गई।

उक्त लिखित परीक्षा एवं अभिलेख सन्निरीक्षा के आधार पर अर्ह पाए गए अभ्यर्थियों की चयन संस्तुति संबंधित विभागों को प्रेषित किए जाने के उपरांत मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या – 471/2025 मुकेश व अन्य बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–13.05.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में स्नातक स्तरीय परीक्षा के अन्तर्गत दिव्यांग श्रेणी व अन्य श्रेणी में अवशेष पदों के सापेक्ष दिनांक–14.07.2025 को आयोग की वेबसाइट पर औपबन्धिक श्रेष्ठता सूची जारी की गई, जिसमें सम्मिलित अभ्यर्थियों के अभिलेख सन्निरीक्षा आयोग कार्यालय में दिनांक–21.07.2025 को की गई। उक्त अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को अनुपस्थित रहे दिव्यांग श्रेणी के 04 अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन दिनांक–27.08.2025 को निरस्त किया गया।

मा0 उच्च न्यायालय में योजित याचिका संख्या–2345/2025 चन्द्रशेखर बनाम व उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में दिनांक–09.01.2026 को पारित आदेश के अनुपालन में उक्त अभ्यर्थियों को अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु पुनः अवसर देते हुए दिनांक 19.01.2026 को आयोग कार्यालय में अभिलेख सन्निरीक्षा की गई।

सूच्य है कि अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु दिनांक–16.01.2026 को जारी अभिलेख सन्निरीक्षा विज्ञप्ति के बिन्दु–09 में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि – अभिलेखों की सन्निरीक्षा हेतु निर्धारित तिथि को अभ्यर्थियों की उपस्थिति नितान्त रूप से अनिवार्य है तथा निर्धारित तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा। पृथक से किसी दशा में अभ्यर्थी को सन्निरीक्षा हेतु कोई अन्य तिथि निर्धारित नहीं की जायेगी।

अतः अभिलेख सन्निरीक्षा हेतु अतिरिक्त अवसर प्रदान किए जाने के उपरान्त भी उपस्थित न होने के आधार पर एवं 01 अभ्यर्थी द्वारा अपूर्ण अभिलेख प्रस्तुत किए जाने के कारण निम्नांकित अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन निरस्त किया जाता हैः–

| S.N. | ROLL NO | CANDIDATE'S NAME | FATHER'S NAME | REMARK |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1406860193 | ARUN KUMAR | BHAGWATI PRASAD KALA | अनुपस्थिति के अधार पर अभ्यर्थन निरस्त |
| 2 | 2609860276 | NAMAN SHANKHYDHAR | RAMAKANT SHARMA | अभिलेख सन्निरीक्षा की तिथि को कम्प्यूटर का न्यूनतम सी0सी0सी0 प्रमाण पत्र प्रस्तुत न किए जाने के कारण अभ्यर्थन निरस्त। |

29.1.26

(डा0 शिव कुमार बरनवाल)
सचिव